बरेली, मंगलवार
18 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

# दैनिक जागरण inext

PAGE NO 6 : TOP

# एसआरएम मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**कुल 19 मैच खेले जाएंगे टूर्नामेंट में, फाइनल मैच पहली मार्च को खेला जाएगा**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (17 Feb):** श्रीराम स्मारक मूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन का आगाज 18 फरवरी को होगा. पहले दिन जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ और आइके कलेक्शन बरेली के बीच होगा. दूसरा मैच,हल्द्वानी क्रिकेटर्स और ओएसिस क्रिकेट एकेडमी बरेली के बीच होगा.

## दो दो मैच होंगे

आयोजन समिति के सचिव डा. सोवन मोहंती के मुताबिक एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस टूर्नामेंट में



12 टीमें शामिल हो रही हैं. इसमें मेरठ, वाराणसी, हरदोई, हल्द्वानी के साथ बरेली में संचालित क्रिकेट एकेडमी की टीमें शामिल हैं. इन टीमों को चार ग्रुप ए, बी, सी और डी में रखा गया है. हर ग्रुप में तीन-तीन टीमें शामिल हैं. एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के कोच मनीष सिंह ने बताया कि फाइनल सहित टूर्नामेंट में 19 मैच खेले जाएंगे. प्रत्येक दिन दो-दो मैच होंगे.

## सुबह होगा मैच

डा. सोवन मोहंती ने बताया कि आयोजन समिति की ओर से टूर्नामेंट की इनाम राशि भी बढ़ाई गई है. इस बार विजेता टीम को ट्राफी के साथ एक लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे. इसी तरह रनरअप टीम को 51 हजार रुपये के साथ ट्राफी दी जाएगी. मैन आफ द सीरीज रहने वाले खिलाड़ी को 5100 रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा. जबकि फाइनल मैच में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी यानी मैन आफ द मैच को 1100 का पुरस्कार मिलेगा. अन्य सभी मैचों में मैन आफ द मैच रहने वाले खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की जाएगी. इस दफा पहली बार टूर्नामेंट में हर मैच में दो पावर प्ले खेले जाएंगे. पहला पावर प्ले मैच शुरू होने से पहले चार ओवर तक रहेगा. दूसरा पावर प्ले दो ओवर का होगा और यह 17वें ओवर से पहले लेना अनिवार्य होगा.